आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- द्वीप समूह के उपराज्यपाल ने आज बाल दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।
- प्रशासन के मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया।
- उद्योग विभाग, की ओर से 16 नवम्बर को हैडो जेट्टी में सागरिका आउटलेट का उद्घाटन किया जाएगा।
- इंदौर में आयोजित होने वाली 76वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का चयन ट्रायल 22 नवंबर को होगा।

<><><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल ने आज बाल दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा बच्चे हमारे राष्ट्र का भविष्य और हमारी उम्मीदों की मजबूत नींव हैं। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर और एक ऐसा अनुकूल वातावरण प्रदान करें, जहाँ वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। उन्होंने प्रशासन के अंतर्गत राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा चलाई जा रही अंकुरण पहल के बारे में बताते हुए कहा इससें कक्षा पहली से 8 वीं तक के विद्यार्थियों में साक्षरता और संख्यात्मकता जैसी बुनियादी क्षमता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि ये नागरिक राष्ट्र–निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और इस प्रकार विकसित भारत @2047 के संकल्प को साकार करेंगे।

<><><><><><><><>

बाल दिवस के अवसर पर अंडमान कल्चरल फेस्टिवल, इंडियन आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी द्वारा एशियन कंट्रीज कल्चरल फाउंडेशन के सहयोग से आज पोर्ट ब्लेयर के डॉ बी.आर. अंबेडकर सभागार में समारोह का आयोजन करेगा। इस महोत्सव का उद्देश्य पूरे भारत से प्रतिभाशाली युवा कलाकारों को एक साथ लाना और उन्हें अपनी कलात्मक क्षमताओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों होंगी, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवा कलाकार भाग लेंगे। आयोजकों ने स्थानीय निवासियों, परिवारों, छात्रों और पर्यटकों को इस उत्सव का हिस्सा बनने और भाग लेने वाले कलाकारों का उत्साह बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है। कार्यक्रम में प्रवेश सभी के लिए निःशुल्क है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल द्वीप समूह की प्रतिभाशाली युवा साइकिलिस्ट, आई. एस. ब्रिडनी से मुलाकात की। उन्होंने उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया। 41वीं सब–जूनियर नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप, 2026 में आई. एस. ब्रिडनी ने स्वर्ण पदक जीतकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इस अवसर पर कोच सीमा रायका, नीदरलैंड से आईं विदेशी सहायक कोच, एथलेटिक मैनेजर सूर्यदीप मिश्रा और अन्य लोग उपस्थित थे।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव और तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष ज्ञानेश भारती ने तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम. राजकुमार, आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति थे। इसके माध्यम से नागरिकों को तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यों, नियमों, अधिसूचनाओं, दिशानिर्देशों, आदेशों और अपडेट्स के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। इससे आम जनता, परियोजना प्रस्तावक, विभिन्न संस्थान, सरकारी विभाग और अन्य हितधारक तटीय नियमों तथा संरक्षण पहलों से जुड़ी जानकारी एक ही जगह पर प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अंतर्गत श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद को प्रतिष्ठित प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार अंडमान और निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव को प्रदान किया गया।

<><><><><><><>

एयरपोर्ट फीडर और भूमिगत बिजली केबल के मरम्मत कार्य के चलते आज दोपहर एक बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में स्कूल लाइन, वीर सावरकर हवाई अड्डा और उसके आस–पास के क्षेत्र, डेयरी फार्म जंक्शन, सीपीडब्ल्यूडी कॉम्प्लेक्स, लांबा लाइन और रांची टेकरी शामिल है।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग, की ओर से 16 नवंबर को हैडो जेट्टी के यात्री प्रतीक्षालय में अंडमान एंड निकोबार एम्पोरियम – सागरिका आउटलेट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। इस आउटलेट का उद्घाटन द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पदा रे तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति होंगे।

<><><><><><><>

इंदौर में 20 से 27 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 76वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का चयन ट्रायल 22 नवंबर को श्री विजय पुरम में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ियों से कहा गया है कि वे 21 नवंबर तक नेताजी स्टेडियम, स्थित स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन कार्यालय में अपना पंजीकरण करा लें।

<><><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से अस्मिता कयाकिंग और कैनोइंग लीग चौंपियनशिप 19 नवंबर को श्री विजय पुरम में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और देश भर की विभिन्न आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्रदान करना है।

इस संबंध में, अंडमान और निकोबार कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन ने द्वीप समूह के पैडलर्स को गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना विवरण जमा कर इस चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण कराने को कहा है। इच्छुक खिलाड़ियों, टीमों और संस्थानों से 9679–525–733 पर संपर्क कर व्हाट्सएप के जरिए पंजीकरण लिंक प्राप्त करने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने द्वीप समूह लीगल मेट्रोलॉजी नियम, 2011 में संशोधन अधिसूचित किया है। नए नियमों के तहत, केंद्र शासित प्रदेश में सभी ज्वैलर्स, बुलियन व्यापारियों, सुनारों, गिरवी रखने वाले व्यापारियों और कीमती धातुओं तथा पत्थरों का व्यापार करने वालों के लिए अब यह अनिवार्य किया गया है कि वे केवल ऐसे वजन करने वाले तराजू का उपयोग करें, जिनका ई स्केल डिवीजन 1 मिलीग्राम हो। लीगल मेट्रोलॉजी विंग की प्रवर्तन टीमें नियमित निरीक्षण करेंगी। नियमों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे ज्वैलरी की दुकानों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित लीगल मेट्रोलॉजी सत्यापन स्टैम्प की जांच करें और कोई भी खरीदारी करने से पहले 1 मिलीग्राम वाले डिजिटल डिस्प्ले की रीडिंग को देख लें।

<><><><><><><><>

विद्युत विभाग, अप्रेंटिस (संशोधन) अधिनियम 1961 के तहत, विभिन्न विषयों में 1 साल का प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके लिए संबंधित ट्रेड में ITI योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। कुल 90 सींटे रिक्त है। प्रशिक्षणार्थियों को 9600 रुपये का मासिक मानदेय दिया जाएगा। जिन उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान का ITI प्रमाणपत्र, वे इस प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं। जो उम्मीदवार पहले ही इस योजना के तहत प्रशिक्षण ले चुके हैं, या जिनके पास एक वर्ष या उससे अधिक का कार्य अनुभव है तथा जो पहले ही इस योजना के तहत अप्रेंटिसशिप कर चुके हैं, और जिनका किसी भी कारण से अनुबंध समाप्त कर दिया गया था, वे इसके पात्र नहीं होंगे।

उम्मीदवार अपनी योग्यता परीक्षा पास करने के बाद तीन साल की निर्धारित अवधि के भीतर इस योजना के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। पात्रता मानदंड पूरा करने वाले ITI उम्मीदवार www.apprenticeshipindia.org पर लॉग इन करके अपना पंजीकरण कर सकते है।

<><><><><><><>